# सत्य अंहिसा से ही विश्व में शांति संभव : ओम बिरला


## 32वें श्रावक संस्कार में शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष, मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने 32 वें श्रावक संस्कार शिविर में संबोधित करते हुए कहा कि परम भक्त शिष्य लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला सोम्य, सहज एवं सरल स्वभाव तथा हमेशा मुस्कुराते रहने वाले व्यक्तिव के धनी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आचार और विचारों को लेकर चलने वाले हमारे राष्ट्र के प्रति समर्पित हो,वही हम साधु संतो की संस्कृति होती है। हम लोग सदा धर्म के क्षेत्र में रहते हुए भी राष्ट्र को संस्कारवान देखना चाहते है। राष्ट्र की संस्कृति एक ऐसी आदर्श संस्कृति हो जो हमारी भारत की संस्कृति को विश्व में एक अलग स्वर्णमयी इतिहास रचे। उन्होंने कहा कि अच्छे लोग बिरला जैसे लोग देश के ऊपर कमाण्डिंग करेगें तो देश में जरूर सौहार्द्र बनेगा। हमारा देश का कोई पक्ष, विपक्ष नही होता। हमारे देश में रहने वाला हर व्यक्ति हमारा नागरिक होता है। जब हम नागरिक की विहंग दृष्टि डालते है, वह ऐसे पदों को हमारे कानून ने स्थापित किया है। देश में सर्वोच्च पदों पर बैठने वालों के आदर्श मिलते है, उनके आदर्शो एवं उद्देश्यों से प्रेरणा लेते है और सकारात्मक सोच मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत इंडिया नही, भारत भारत ही रहे, गुरू का सपना था उसे हम सब मिलकर पूरा करेगें।

इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आचार्य परंपरा के गौरव राष्ट्रसंत मुनि पुंगव श्री श्री 108 सुधासागर महाराज जहां भी जाते है, जिस नगर से गुजरते है,जिस शहर,गावं जिस राजधानी से निकले है वह सारा क्षेत्र धर्ममय हो जाता है। गुरू के इन चरणों की इस माटी से ही उस क्षेत्र की जनता में आध्यात्मिक धर्म संस्कृति की नैतिकता का प्रभाव हो जाता है। उन्होंने कहा कि देशभर से आये 32 वें श्रावक संस्कार शिविर में सभी भक्तों में प्रणाम करता हूॅ। आप सबकों को सौभाग्यभ मिला है आचार्य जी के चरणों का,हमें भी सौभाग्यक मिला है। आचार्य जी की कृपा है कि समय समय पर आशीर्वाद देते है हमारा मार्गदर्शन करते है। यह समय पर्युषण पर्व का विशेष महत्व का समय है। जैन समाज नही बल्कि सृष्टि पर रहने वाले हर व्यक्ति को पर्यूषण पर्व के महत्व को समझना चाहिए। हमारे जीवन के अंदर हम नैतिकता लाए,क्षमा लाएं,करूणा लाएं और अपने जीवन के अंदर हमेशा सत्य, अहिसा और करूणा का भाव है। पर्युषण पर्व के दस लक्षण है। संभव सबके साथ एक जैसा भाव हमेशा कल्याण का भाव होना चाहिए। हम सभी अपनी आत्माक का कल्याण,आत्म विशेषण हो,आत्म चिंतन,आत्मशुद्धि हो। इससे बडा पर्व एवं इससे बडा कुछ नही हो सकता। उसके बाद क्षमा क्रोध, लोभ, मोह सब त्याग करना। कितना भी क्रोध हो उसका त्याग करना चाहिए। भगवान महावीर के विचार आज देश दुनिया में यथार्थ है। तीर्थंकर भगवान महावीर ने कहा था सत्य अहिंसा शांति ही दुनिया का संदेश है। आज दुनिया के अंदर अंहिसा और शांति ही दुनिया के लिए संदेश है। उसी संदेश को देश दुनिया में पहुंचाने का कार्य कर रहे है। जैन दर्शन आज दुनिया का दर्शन बन चुका है। आज दुनिया के कई देशों में जायेगों तो कौन सा खाना है तो जैन खाना सात्विक खाना है। जैन विचार सात्विक विचार है। तप,तपस्या, अहिंसा,ब्रम्हचर्य हर गुण के अंदर सात्विक संदेश है और गुरूदेव का सात्विक संदेश मिल जाए तो इससे बडा कोई संदेश नही है। गुरूदेव का आर्शीवाद, मार्गदर्शन उनका ज्ञान मुझे हमेशा नई दिशा एवं प्रेरणा देता है। अभी भी गुरूदेव मुझे ज्ञान दिया, जो दायित्व आपका है, वह कैसा होना चाहिए। निष्पेक्ष,निर्बाध एवं संभव होना चाहिए। हम सब जब गुरू के चरणों में जाते है तो गुरू की तप तपस्या उनके जीवन ही हमारे लिए जीवंत पाठशाला है। उनका दर्शन ही हमारे जीवन का पाठशाला है। उनका दर्शन मिल जाए, उनके मुख से हमें वाणी मिल जाए। उन्होंने कहा कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज के आर्शीवाद सदा बना रहे।



**मुनिश्री को श्रीफल भेंट कर लिया लोकसभा अध्यक्ष ने आशीर्वाद:**

32 वें श्रावक संस्कार शिविर में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त, किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर,नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में शिविरार्थी एवं बडी संख्या में जैन समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।



# किसानों की समस्याओं को लेकर 15 को दिया जाएगा ज्ञापन

**भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संपन्न**

**गांव गांव बलराम जयंती मनाने के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय किसान संघ जिला कार्यकारिणी विशेष बैठक कृषि उपज मंडी कार्यालय में गुरूवार को संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रान्तीय संगठन मंत्री भरत पटेल उपस्थित रहे। तो वहीं मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री मनीष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान प्रान्त संगठन मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में 15 सितंबर को ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं उन्होंने समस्त कार्यकर्ता से आव्हान किया कि वह गांव- गांव जाकर भगवान वलराम जी की जयंती मनाए। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुने और उन्हें लिखकर लाए। बैठक में प्रदेश जैविक प्रमुख भाई साहब जगराम यादव, प्रान्त महामंत्री शिवनंदन रघुवंशी, प्रान्तीय सदस्य राजकुमार रघुवंशी, संभाग उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, संभाग मंत्री रामकिशन रघुवंशी,जिला प्रसार प्रमुख सुनील रघुवंशी रघुवंशी सहित जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

### एक नजर में

**फांसी के फंदे पर लटकी मिली 15 वर्षीय किशोरी**

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। जब किशोरी ने फांसी लगाई तब वह घर पर अकेली थी, तो वहीं परिजन बाहर थे। जानकारी के मुताबिक 15 वर्षीय कविता अहिरवार ने गुरूवार को अपने घर पर दुपट्टा का फंदा बनाकर झूल गई। जिसे पड़ोस में रहने वाली एक अन्य किशोरी ने देखा तो उसने पड़ोसियों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पड़ोसियों ने फांसी का फंदा काटा और उसकी मां को सूचना दी, तो वहीं सब्जी लेने के लिए गई मां को जानकारी मिली तो वह दौड़ते भागते हुए घर पर पहुंची, जहां उसे उसकी बेटी मृत अवस्था में मिली। जिसके बाद परिजनों एकत्रित हुए और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं मृतिका के शव का पीएम शुक्रवार को किया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी को किसी प्रकार की टेंशन नहीं थी, वह फांसी के फंदे पर क्यों झूली इस पर उन्होंने सवाल खड़े किए है। साथ ही घर से पीएम आवास करीब 20 हजार रूपये गायब होने की बात कहीं। इस मामले में पुलिस ने मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

# राजस्थान के प्रसिद्ध नृत्य धूमर ने बिखेरी अनोखी छटा

## गणेश उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दी मराठी धार्मिक गीतों की प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** स्थानीय माधव भवन में चल रहे महाराष्ट्र समाज के 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान गुरुवार को समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने हिंदी मराठी राजस्थानी गीतों पर विभिन्न प्रकार के एकल सामूहिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। समाज की महिलाओं ने राजस्थान के प्रसिद्ध नृत्य घूमर की प्रस्तुति से अनोखी छटा बिखेरी,और मराठी महिलाओं ने राजस्थानी झलक दिखाई। बच्चों ने भी मराठी धार्मिक गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। समाज के एक बेटी-पिता ने जब यह देश है वीर जवानों का गीत पर अपने नृत्य की प्रस्तुति दी, तो दर्शक झूम उठे। समाज की एक और बिटिया ने भगवान कृष्ण के भजन पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। समाज के अध्यक्ष प्रमेंद्र तायडे ने बताया कि आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने शानदार एकल,सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुति दी। सभी ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पूर्व शाम को श्री गणपति जी की पूजन, अर्चन, आरती में अभय खैर, रविंद्र बापट सहित समाज के लोगों का सहयोग रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रायोजक स्वर्गीय शेष राव, कमलाबाई तायडे की स्मृति में प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज, संयोजक पंकज जाधव, सुरेश मोहिते थे।




**इन्होंने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति** - मिनी जूनियर- मनुश्री वैध,श्राशी सुर्वे, अभ्युदय भंवर,मानविक सुर्वे,लक्षिता सुर्वे,नामित सर्वे,आकृति सोवनी,अद्विका सोवनी,हिमांक जोशी ओम्या मोहिते,सार्थक जोशी,आराध्य जोशी,वायुष जोशी,जूनियर- मयूरेश वैध, मृगांका भवर अधिता लाड़, भावुक अन्वेकर ऋषभ गाड़वे,मानव शिंदे,शौर्य जगदाले, अनन्या शिंदे,आराध्या देशपांडे,उत्कर्ष देशपांडे,अश्लेषा सुर्वे समृद्धि शिंदे, जयेश सुर्वे, हेतवी जाधव, संधिनी लाड़,पार्थ जाधव,नान्या चह्वाण, सीनर, डॉली जाधव, योगेंद्र जाधव,पंकज जाधव आदि.

# गणेशोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**जिलेभर में चल रही गणेश उत्सव की धूम**

**गणेश मंदिरों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा**

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** कस्बे में कैथन नदी के तट पर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में गणेशोत्सव की धूम है। यहां गणेश उत्सव समिति द्वारा बीते कई वर्षों से गणेश चतुर्थी पर श्री गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है, जिसका अनंत चतुर्दशी पर समारोह पूर्वक विसर्जन होता है। इस मंदिर के गर्भगृह में दक्षिणाभिमुखी गणेश की दुर्लभ पाषाण प्रतिमा प्रतिष्ठित है। इस आयोजन में प्रतिदिन होने वाली संध्या आरती में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। आयोजन समिति के सौरभ शर्मा ने बताया कि शनिवार को विसर्जन समारोह में उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इससे पूर्व भी इस समिति के आयोजनों में रचनात्मकता दिखाई देती है। गुरुवार को केथन नदी के घाट को दीपकों से सजाया गया था। समिति द्वारा आयोजन स्थल सहित पहुंच मार्गों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। समिति में श्री शर्मा के अतिरिक्त आनंद शर्मा, आशीष पाठक, राजीव पाठक, अर्पित पाठक, भूरा पाठक आदि प्रमुख सदस्य योगदान दे रहे हैं।



# पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर कराया सुदंरकांड

नवभारत न्यूज

**नईसराय।** कस्बे में गुरूवार की रात्रि में ईद ए मिलादुन्नवी के पर्व के मौके से एक दिन पहले सुंदरकांड का पाठ कराया गया। दरअसल कस्बे स्थित श्री गणेश मंदिर पर पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन द्वारा भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जहां पर सभी समुदाय के लोग इस सुंदरकांड में शामिल हुए और समापन के बाद भव्य आरती की गई। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान पूव सरपंच नीफस उद्दीन ने बताया कि उन्हें श्री गणेश मंदिर से बहुत लगाव है, जिसके चलते वह समय समय पर मंदिर पर धार्मिक आयोजन कराते रहे है। इसी के चलते यह सुदंरकांड पाठ कराया गया। वहीं पंडित को दान दक्षिणा देने के साथ फल वितरण का कार्यक्रम उन्हीं के द्वारा संपन्न कराया गया।




# एशियन शूटिंग विजेता मानसी का आज होगा भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले की पहली महिला शूटिंग खिलाड़ी कुमारी मानसी जो कि खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित शूटिंग खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। शहर की इस युवा होनहार खिलाड़ी ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वी एशियन शूंटिंग शॉटगन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अर्जित करके जिला एवं मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। मानसी द्वारा इस गौरवशाली उपलब्धि अर्जित करने पर समूचा अशोकनगर शहर गौरवान्वित है। जिले की बेटी के स्वागत के लिए आतुर है और स्वागत की तैयारियां चल रहीं है। वहीं जहां जहां से मानसी गुजरेगी उसका रोड़मैप तैयार किया गया है। जो स्टेशन से लेकर मानसी के घर तक पहुंचेगा, इस दौरान शहर के मुख्य मार्गो और चौराहे पर खेल प्रेमियों द्वारा मानसी का स्वागत किया जावेगा। जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने खुशी व्यक्त करते हुए मानसी को बधाई दी है।




### धर्म-कर्म

**इस्लाम धर्म के संस्थापक पैंगबर मोहम्मद की 1500वीं सालगिरह धूमधाम से मनाई**

# इस्लाम धर्म के सबसे बड़े शिक्षक हमारे रसूल ही थे : हाफिज मुफ्ती

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब की 1500 वी सालगिरह जिलेभर में उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। चंदेरी में अंजुमन आशिका ने रसूल कमेटी के सदर असीर अहमद ने बताया कि मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश को आज 1500 साल हो गए हैं इसलिए इस बार जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से तीन दिन मनाया जा रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करके जूलूसे मोहम्मदी दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत से शुरू हुआ। वहीं जगह-जगह लंगर तबर्रुक वितरण किया जा रहा था और उलेमाओं का फूलों से इस्तकबाल भी किया जा रहा था। इस मुबारक मौके पर प्राचार्य दारुल उलूम शाहबुद्दीन नूरी मदरसे के हाफ़िज़ व कारी मुफ्ती रहबर आलम ने बताया कि आज बड़ी खुशी का मकाम है कि पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के साथ साथ शिक्षक दिवस भी और हम सभी इस्लाम धर्म को मानने वाले हमारे इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब इस्लाम के सबसे बड़े शिक्षक भी थे हमारे रसूल, जिसे आज मुबारक दिन जुमे के रोज़ पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है।



**शहर में निकाला गया चल समारोह:**

चंदेरी में मुस्लिम समाज द्वारा एक चल समारोह निकाला गया, जो दिल्ली दरवाजा सदर बाजार, चौक मोहल्ला तपा बावड़ी मैदान गली, पुराना बस स्टैंड बाहर शहर से होता हुआ हजरत मखदूम शाह विलायत साहब की दरगाह पर पहुंचा। चल समारोह के दौरान मुस्लिम समाज के संरक्षक एवं अध्यक्ष के साथ चल रहे समाज के गणमान्य नागरिकों का जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर स्वागत कर लंगर वितरित किया गया। इस मौके पर दरगाह शरीफ पर चादर पेश की गई तथा भारत में अमन चैन शांति भाईचारा मेल मिलाप के साथ देश की तरक्की एवं खुशहाली की दुआ की गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष एडवोकेट इदरीश खान पठान, कमेटी के अध्यक्ष असीर अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**मुस्लिम समाज के लोगों ने की सफाई:**

सफाईकर्मियों की आठ दिन से चली आ रही हड़ताल से शहर में जगह-जगह गंदगी का आलम है, शहरवासी घातक बीमारियों से पीड़ित हो रहें हैं। अभी तीन तारीख को डोल ग्यारस का पवित्र त्यौहार भी था त्यौहार पर सफाई कर्मियों ने सिर्फ आकस्मिक सदर बाजार से लक्ष्मण जी मंदिर जहां विमानों का जलविहार किया जाता है वहां तक उस दिन सफाई कर्मियों ने औपचारिक सफाई कर दी थी पर आज मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा त्योहार जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर कोई भी सफाई कर्मियों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। जिसके चलते मुस्लिम समाज के युवाओं ने झाड़ू हाथ में थाम कर अपने-अपने मोहल्लों में सफाई की गई, जिसकी लोगों ने प्रशंसा की।




# गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है : रामवीर रघुवंशी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शिक्षक दिवस के असवर पर शुक्रवार को आरोन रोड़ स्थित सरस्वती स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया-बहिनों द्वारा अपने आचार्य-दीदियों का आर्शीवाद प्राप्त कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शुभ अवसर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदियों को गणवेश एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. जयमण्डल यादव, विद्यालय समिति सचिव रामवीर सिंह रघुवंशी, समिति कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी एवं विद्यालय के समस्त आचार्य/दीदी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति सचिव श्री रघुवंशी ने कहा कि हम सभी के जीवन में अपने - अपने गुरूजनों का विशेष महत्व होता है। गुरू अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। हमारी सभी समस्याओं का हल गुरूजनों के पास होता है, इसलिए हमे उनका सम्मान और आदर करना चाहिए। डॉ जयमण्डल यादव ने अपने संबोधन में कहा गया कि जीवन के किसी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिये प्रत्येक मनुष्य को गुरू की आवश्यकता होती इसी कारण गुरू का हमारे जीवन में विशेष महत्व। इस कारण से हमें अपने गुरूओं के प्रति हमेशा कृतज्ञता और सम्मान का भाव रखते हुये गुरू की प्रत्येक आज्ञा का पालन करना चाहिये।